पाठ - 9

पेड़ लगाओ

प्रश्न - 1 कविता की पंक्तियाँ लिखो -

1. पेड़ लगाओ , पेड़ लगाओ
2. कभी न काटो, इन्हें बचाओ
3. हवा को ये स्वच्छ बनाते
4. चारों तरफ़ हरियाली फैलाते
5. मीठे - मीठे फल ये देते
6. बदले में कुछ भी ना लेते
7. इनके कारण बारिश आती
8. जीवन में खुशहाली छाती
9. धरती को तुम स्वर्ग बनाओ
10. एक - एक यदि पेड़ लगाओ

प्रश्न - 2. शब्दार्थ -

1. स्वच्छ - साफ़
2. हरियाली - हरा - भरापन
3. बारिश - बरखा , बरसात

4. स्वर्ग - सुंदर स्थान

प्रश्न - 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

1. पाठ के चित्र में बच्चे क्या कर रहे है?

उत्तर- पाठ के चित्र में बच्चे पौधे लगा रहे है

2. किसे बचाने की बात कही गई है ?

उत्तर - पेड़ को बचाने की बात कही गई है

3. पेड़ लगाने से क्या लाभ हैं ?

उत्तर- पेड़ लगाने के कई लाभ हैं -

i) पेड़ो से हमें ऑक्सीजन मिलती है

ii) पेड़ वर्षा में सहायक होते है

iii) पेड़ हवा को शुद्ध करते है

4. यदि धरती पर एक भी पेड़ न हो तो क्या होगा?

उत्तर - यदि धरती पर एक भी पेड़ न हो तो जीवन संभव नहीं होगा

5. चारों तरफ़ हरियाली कैसे फैलेगी ?

उत्तर - चारों तरफ़ हरियाली पेड़ लगाने से फैलेगी

6. हवा को स्वच्छ कौन बनाता है?

उत्तर - हवा को स्वच्छ पेड़ बनाते है

7. पेड़ो से हमें क्या - क्या मिलता है?

उत्तर - पेड़ो से हमें ऑक्सीजन , फल, फूल , दवाईयाँ आदि मिलता है